भारत सरकार | लोक सभा
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय | अतारांकित प्रश्न सं. 292
वाणिज्य विभाग

दिनांक 04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

रबर किसानों के लिए एमएसपी

292. **श्री के. राधाकृष्णन:**

क्या **वाणिज्य एवं उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में वर्ष 2019 से प्रत्येक वर्ष के दौरान आयातित प्राकृतिक और मिश्रित रबर की मात्रा का ब्यौरा क्या है;

(ख) दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ के देशों पर लागू अधिकतम आयात शुल्क का ब्यौरा क्या है तथा वर्ष 2019 से आसियान देशों से आयातित प्राकृतिक और मिश्रित रबर की मात्रा क्या है;

(ग) अन्य कौन-कौन से देश है जहां से भारत द्वारा इस अवधि में रबर का आयात किया गया और देशवार, वर्षवार आयात की मात्रा क्या है; और

(घ) क्या सरकार रबर किसानों के समक्ष आ रही कठिनाइयों के मद्देनजर रबर के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) वर्ष 2019-20 से देश द्वारा आयातित प्राकृतिक रबड़ (एचएस 4001) और मिश्रित रबड़ (एचएस 4005) की वर्ष-वार मात्रा का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख) प्राकृतिक रबड़ और मिश्रित रबड़ के आयात के लिए आसियान देशों पर लागू आयात शुल्क अनुबंध-II में दिया गया है। वर्ष 2019-20 से आसियान देशों से प्राकृतिक रबड़ और मिश्रित रबड़ के आयात का विवरण अनुबंध-III में दिया गया है।

(ग) वर्ष 2019-20 से प्राकृतिक रबड़ के देश-वार आयात का ब्यौरा अनुबंध-IV में दिया गया है।

(घ) वर्तमान में, भारत सरकार संबंधित राज्य सरकारों और केंद्रीय मंत्रालयों/विभागों के विचारों और अन्य प्रासंगिक कारकों पर विचार करने के पश्चात कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों के आधार पर 22 अधिदेशित कृषि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) निर्धारित करती है। न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए अधिदेशित फसलें धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, रागी, तूर (अरहर), मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी के बीज, सोयाबीन, तिल, नाईजर बीज, कपास, गेहूं, जौ, चना, दाल (मसूर), रेपसीड/सरसों, सैफ्लावर, जूट और खोपरा हैं।

***

अनुबंध I

दिनांक 04.02.2025 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 292 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

प्राकृतिक रबड़ और मिश्रित रबड़ का आयात (मात्रा टन में)		
वर्ष	प्राकृतिक रबड़	मिश्रित रबड़
2019-20	457223	101703
2020-21	410478	95566
2021-22	546369	114638
2022-23	528677	137018
2023-24	492682	169820
2024-25 (अप्रैल-नवंबर)	427265	145655

(स्रोत: रबड़ बोर्ड)

अनुबंध II

दिनांक 04.02.2025 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 292 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

प्राकृतिक रबड	लागू आयात शुल्क
एचएस 400110	70%
एचएस 400121	25% या 30 रुपये प्रति किलोग्राम जो भी कम हो
एचएस 400122	
एचएस 400129	
एचएस 400130	0%
मिश्रित रबड	लागू आयात शुल्क
एचएस 400510	0%
एचएस 400520	5%
एचएस 400591	
एचएस 400599	

अनुबंध III

दिनांक 04.02.2025 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 292 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

आसियान देशों से प्राकृतिक और मिश्रित रबड़ का आयात (मात्रा मीट्रिक टन में)						
एचएस कोड	वित्तीय वर्ष **2019-20**	वित्त वर्ष **2020-21**	वित्त वर्ष **2021-22**	वित्त वर्ष **2022-23**	वित्त वर्ष **2023-24**	वित्त वर्ष **2024-25** (अप्रैल-नवंबर) अनंतिम
<u>प्राकृतिक रबड</u>						
एचएस 400110	7776	3443	10480	5294	11583	5978
एचएस 400121	61497	47006	48720	42292	31609	44435
एचएस 400122	344120	298081	379340	331493	335205	252707
एचएस 400129	4980	3158	2739	3646	4518	2378
एचएस 400130	0.01	0.02	2447	0.36	0.29	0.14
<u>मिश्रित रबड</u>						
एचएस 400510	50908	50934	61047	74290	113684	107823
एचएस 400520	182	278	355	286	429	309
एचएस 400591	339	406	137	695	219	137
एचएस 400599	735	403	647	580	486	563

(स्रोत: रबड़ बोर्ड)

अनुबंध IV

दिनांक 04.02.2025 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 292 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

प्राकृतिक रबड़ का देशवार आयात (मात्रा टन में)						
देश	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25 (अप्रैल-नवंबर)**
आसियान देश	418373	351688	443725	382725	382915	305498
श्रीलंका	1201	307	114	1023	234	769
कोटे डी आइवर	27056	46226	75081	121046	90374	104310
बांग्लादेश	5558	1663	3544	1437	2725	2107
नाइजीरिया	907	424	1654	3895	1036	3662
गैबॉन	0	340	0	2029	0	113
घाना	2923	8691	20507	14818	5674	1969
कैमरून	0	202	40	121	2075	1814
लाइबेरिया	0	0	0	221	1714	3929
अन्य देश	1205	937	1704	1362	5935	3094
कुल	457223	410478	546369	528677	492682	427265

(स्रोत: रबड़ बोर्ड)

***